टेण्डर संख्या: वि0प्र0/डी0सी0ओ0-यू0पी0/ए- 2730

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
कार्यालय निदेशक जनगणना कार्य, उत्तर प्रदेश
(विविध प्रशासन अनुभाग)

जनगणना भवन प्लाट सं0सीसी-1
सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ 226024
दिनांक: अगस्त 26, 2013.

## -:: विज्ञप्ति ::-

जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2013-14 में जनगणना कार्य कार्य निदेशालय उ0प्र0 के नव निर्मित कार्यालय प्लाट संख्या सीसी-1 सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ के सामग्री सहित सफाई कार्य हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदा दाता अपनी निविदा दिनांक 06-09-13 सांय तीन बजे तक जनगणना कार्य निदेशालय, जनगणना भवन प्लाट सं0सीसी-1 सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ 226024 में रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से भेज सकते हैं। निविदा फार्म जनगणना कार्य निदेशालय उ0प्र0 सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ से रु0 100=00 मात्र नकद अथवा रेखांकित बैंक ड्राफ्ट (आहरण एवं वितरण अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के पक्ष में देय) जमा करके दिनांक 5.9.2013 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10=00 बजे से 1=00 बजे एवं 1=30 बजे से सांय 5=00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा। निविदा फार्म वेबसाईड संख्या www.censusindia.gov.in (Tender) से भी डाउन लोड किया जा सकता है।

संयुक्त निदेशक
दूरभाष संख्या 2322913, 2322914
फैक्स 2331211

पत्रांक: नि०ज०/ई०सी०आ०-प्र०वि०/ए-2730

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
कार्यालय निदेशक जनगणना कार्य, उत्तर प्रदेश
(विविध प्रशासन अनुभाग)

जनगणना भवन प्लाट सं०सीपी-1
सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ 226024
दिनांक: अगस्त 26 , 2013.

जनगणना भवन प्लाट सं०सीपी-1 सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ की सामग्री सहित सफाई कार्य हेतु आमंत्रित निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें

जनगणना कार्य निदेशालय उ०प्र० लखनऊ के नवीन कार्यालय भवन सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ के चारों तल, बाथरूम, फर्नीचर, विद्युत उपगृह, पंप हाउस एवं खुला एरिया जिसमें पार्किंग तथा मोटर साईकिल स्टैण्ड भी सम्मिलित है की सफाई का कार्य सामग्री सहित किया जाना है । जिसका विवरण निम्नवत् है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भूतल | 950.93 वर्ग मी. (03 बाथरूम) |
| 2. | प्रथम तल | 1223.67 वर्ग मी. (03 बाथरूम) |
| 3. | द्वितीय तल | 1223.67 वर्ग मी. (02 बाथरूम) |
| 4. | तृतीय तल | 903.97 वर्ग मी. (02 बाथरूम) |
| 5. | विद्युत उप गृह | 320.70 वर्ग मी. ) |
| 6. | पंप हाउस | 20.90 वर्ग मी. |
| 7. | खुला एरिया | 1424.06 वर्ग मी. लगभग |

नियम व शर्तें

1. फर्म का पंजीयन ई.पी.एफ. संगठन तथा ई.एस.आई. कारपोरेशन में होना अनिवार्य है । ई.पी.एफ. संगठन तथा ई.एस.आई. कारपोरेशन में पंजीयन बिना फर्म का टेण्डर निरस्त माना जायेगा ।
2. फर्म को न्यूनतम मजदूरी अधिनियम का पालन सुनिश्चित करने का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा ।
3. प्रथम तल पर डीडीई अनुभाग में दो पालियों में कार्य होने पर प्रातः 6:00 बजे से सांय 2:30 बजे एवं सांय 2:30 बजे से रात्रि 11:00 बजे) प्रत्येक पाली में सफाई कार्य किया जाना है तथा एयर कंडीशनर कमरों एवं कम्प्यूटरों की सफाई वैक्यूम क्लीनर्स से प्रशिक्षित सफाई कर्मियों द्वारा आवश्यकतानुसार करानी होगी ताकि वहां पर धूलकण आदि साफ हो सके ।
4. उपरोक्त क्षेत्रफल को दृष्टिगत रखते हुए सफाई कर्मियों/पर्यवेक्षकों की संख्या निविदा दाता को स्वयं निर्धारित करनी होगी ।
5. कार्यालय में पूर्णरूप से सफाई न करने या किसी अंश की सफाई छूट जाने पर या सफाई कार्य में लापरवाही करने पर अथवा पर्याप्त मात्रा में सफाई सामग्री का उपयोग न करने पर भुगतान काटा/रोका जा सकता है ।
6. कार्यालय भवन की सफाई कार्य कार्यालय समय से पूर्व ही प्रत्येक दशा में करनी होगी तथा सफाई कर्मियों को सांय 6:00 बजे तक कार्यालय में रहना होगा।
7. निविदा के साथ अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए अन्य विभागों की सूची जहाँ सफाई कार्य किया हो, स्थाई लेखा संख्या (पैन संख्या) तथा अन्य दस्तावेजों की प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है । कोटेशन/टेण्डर एक वर्ष के लिए मान्य होगा ।

8. निविदा दाता किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10=00 बजे सांय 5=00 बजे तक उपर्युक्त भवन जिसकी सफाई कार्य के लिए एक वर्ष हेतु अनुबन्ध किया जाना है, का निरीक्षण कर सकते हैं ।

9. प्रत्येक माह के अन्त में अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी से सफाई सामग्री सहित सफाई कार्य संतोषजनक किये जाने सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्राप्त कर बिल के साथ संलग्न करना होगा ।

10. निविदा में सामग्री सहित सफाई कार्य की दरें शब्दों तथा अंकों में लिखी होनी चाहिए ।

11. निविदा प्रत्येक दशा में दिनांक 06-09-13 को सांय 3=00 बजे तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट/कोरियर द्वारा वैयक्तिक अनुभाग में प्राप्त हो जानी चाहिए । निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदायें स्वीकार नहीं होंगी ।

12. प्राप्त निवदा दिनांक 06-09-13 सांय 5=00 बजे इस निदेशालय की क्रय समिति द्वारा निविदा दाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी ।

13. टी०डी०एस० की कटौती नियमानुसार कार्यालय द्वारा की जायेगी ।

14. निविदा के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी रू० 20,000=00 (रूपया बीस हजार) मात्र का बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर/एफ.डी. अर्नेस्ट मनी के रूप में आहरण एवं वितरण अधिकारी जनगणना कार्य निदेशालय, उ०प्र० लखनऊ के पक्ष में देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है । अनुबन्ध अवधि में कार्य छोड़ने पर निविदा दाता द्वारा जमा की गई अर्नेस्ट मनी जब्त कर ली जावेगी ।

15. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी जनगणना कार्य निदेशालय, उ०प्र० लखनऊ के पास सुरक्षित होगा ।

16. निविदा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार का वाद-विवाद लखनऊ में ही निस्तारित किया जा सकेगा ।

24.8.13

(आर०एस०मीना)
उप निदेशक

# निविदा का प्रारूप

निविदा संख्या वि0प्र0/डी0सी0ओ0-यू0पी0/ए-2730 दिनांक 26.8.2013 में दिये गये नियम एवं शर्तों से मैं सहमत हेते हुए कार्यालय भवन सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ के चारों तलों, बाथरूम, फर्नीचर, पार्किंग, मोटर साइकिल स्टैण्ड, विधुत उपगृह, पम्प हाउस एवं खुले एरिया की सामग्री सहित सफाई कार्य रू0 (रूपया )
प्रति माह की दर से करने की सहमति देता हूँ।

हस्ताक्षर

नाम

फर्म का नाम व पता (मुहर सहित)